अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2018
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** ग्राण्ट ट्रंक रोड का निर्माण कराया था- **(1)**

(A) अलाउद्दीन खिलजी ने (B) बाबर ने
(C) हुमायूँ ने (D) शोरशाह ने

**2.** मुगल काल में चित्रकला का उत्कर्ष हुआ- **(1)**

(A) जहाँगीर के शासन काल में (B) हुमायूँ के शासन काल में
(C) अकबर के शासन काल में (D) शाहजहाँ के शासन काल में

**3.** अंग्रेजों तथा फ्रांसीसियों के मध्य कर्नाटक में कितने युद्ध हुए? **(1)**

(A) पाँच (B) चार
(C) तीन (D) दो

**4.** भारत में अंग्रेजी साम्राज्य के संस्थापक थे- **(1)**

(A) क्लाइव (B) अल्मीडा
(C) डूप्ले (D) आयरकूट

**5.** सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला महाद्वीप है- **(1)**

(A) एशिया (B) उत्तरी अमेरिका
(C) यूरोप (D) अफ्रीक

**6.** शक्ति का गैर परम्परागत स्रोत है- **(1)**

(A) खनिज तेल (B) प्राकृतिक गैस
(C) सौर ऊर्जा (D) कोयला

**7.** 'ग्रीन इण्डिया मिशन' प्रारम्भ किया गया- **(1)**

(A) वर्ष 2013 में (B) वर्ष 2012 में
(C) वर्ष 2014 में (D) वर्ष 2011 में

**8.** रानीगंज कोयला खान स्थित है- **(1)**

(A) पश्चिम बंगाल में (B) बिहार में
(C) झारखण्ड में (D) ओडिशा में

**9.** न्यायपालिका का कार्य नहीं है - **(1)**

(A) संविधान की रक्षा करना (B) मौलिक अधिकारों की रक्षा करना
(C) कानूनों का क्रियान्वयन करना (D) न्यायिक पुनरावलोक

**10.** उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश को महाभियोग द्वारा पद से हटाने की शक्ति निम्न में से किसे प्राप्त है? **(1)**

(A) केन्द्रीय मन्त्रिपरिषद् को (B) संसद को
(C) निर्वाचन आयोग को (D) संसद व राज्य विधानसभाओं को

**11.** संसद का उच्च सदन या द्वितीय सदन है- **(1)**

(A) लोकसभा
(B) राज्यसभा
(C) विकल्प 'a' और 'b' दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए कितने प्रस्तावकों एवं अनुमोदकों की आवश्यकता होती है? **(1)**

(A) 50 प्रस्तावक 20 अनुमोदक
(B) 50 प्रस्तावक 10 अनुमोदक
(C) 50 प्रस्तावक 50 अनुमोदक
(D) 20 प्रस्तावक 20 अनुमोदक

**13.** देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीयकृत प्रतिष्ठान है- **(1)**

(A) रेलवे
(B) रोडवेज (सड़क परिवहन)
(C) वायु परिवहन
(D) जल परिवहन

**14.** देश की मुद्रा की पूर्ति को नियमित करता है - **(1)**

(A) भारतीय रिजर्व बैंक
(B) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(C) व्यापारिक बैंक
(D) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा केन्द्र सरकार की आय का स्रोत नहीं है? **(1)**

(A) सीमा शुल्क
(B) आयकर
(C) भू-राजस्व
(D) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** मनसबदारी प्रथा का प्रचलन किस काल में तथा किसके द्वारा हुआ था? **(1)**

**17.** शिवाजी द्वारा लगाये गये दो करों का नाम लिखिए- **(1)**

**18.** राज्य अपहरण नीति को लागू करने वाला गवर्नर जनरल कौन था? **(1)**

**19.** भारत में आने वाली यूरोपीय शक्तियों का क्रम बताइए- **(1)**

**20.** भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना का नाम लिखिए। **(1)**

**21.** वन में प्राप्तहोने वाले दो अप्रत्यक्ष लाभ लिखिए। **(1)**

**22.** विश्व में अधिकतर मछली क्षेत्र किस प्रकार के कटिबन्ध में मिलते हैं? विश्व का सर्वाधिक मछली पकड़ने वाला क्षेत्र कौन-सा है? **(1)**

**23.** शक्ति के संसाधन से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**24.** राष्ट्रपति राज्यसभा में 12 सदस्य किन क्षेत्र से मनोनीत करता है? **(1)**

**25.** भारत के प्रथम एवं वर्तमान प्रधानमंत्री का नाम बताइए। **(1)**

**26.** केन्द्रीय मन्त्रिपरिषद् का कार्यकाल क्या है? **(1)**

**27.** राजस्व का अर्थ बताइए। **(1)**

**28.** किस योजना (पंचवर्षीय योजना) का मुख्य उद्देश्य समावेशी विकास था? **(1)**

**29.** डेबिट कार्ड तथा क्रेडिट कार्ड में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**30.** भारत की तीनों सेनाओं का प्रधान कौन होता है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** पानीपत के तृतीय युद्ध (1761 ई०) के क्या परिणाम हुए? **(2)**

**32.** "मुगल काल को साहित्य का स्वर्ण युग माना जाता है।" स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**33.** बक्सर के युद्ध का वर्णन कीजिए। **(2)**

**34.** शिवाजी के शासन-प्रबन्ध के विषय में लिखिए। **(2)**

**35.** इलाहबाद की सन्धि की मुख्य धाराओं का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**36.** राज्य सभा के गठन का वर्णन कीजिए। **(2)**

**37.** भारत के लोक सभा के गठन का वर्णन कीजिए। **(2)**

**38.** विश्व के प्रमुख लौह-उत्पादक क्षेत्रों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**39.** भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**40.** उत्तर प्रदेश सरकार की आय के स्रोतों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/samajik-adhyayan/2018

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/samajik-adhyayan/

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN